प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.11.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह त्योहार अंधकार को दूर करने के संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने आज छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा कर्मियों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दीवाली का विशेष महत्व है क्योंकि देश ने नक्सलवाद और माओवादी आतंक के खिलाफ दशकों पुरानी लडाई में जीत हासिल की है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दीपावली पर झारखंड वासियों को शुभकामनाएं दी है। उत्तर प्रदेश के बरेली में दिवाली मनाने अपने घर पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि यह त्योहार हम भारतीयों के लिए संकल्प लेने वाला है। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दीपावली और काली पूजा की शुभकामनाएं दी है।

****

रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र में आदिवासी नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत की आत्महत्या के मामले में थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में मृतका के पिता आनंदु भगत के लिखित बयान पर दो नामजद और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

****

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक हजार से ज्यादा ब्रांड की दवाइयों की संशोधित कीमतें कल नौ नवंबर 2026 से लागू हो जायेंगी। सरकार ने कहा है कि कैंसर की एक सौ सैंतीस दवाओं की घटी कीमतें सोमवार से लागू हो जाएंगी। इससे कैंसर का इलाज कराने वाले रोगियों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

****

झारखंड और बिहार पुलिस के लिए चुनौती बना प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 13 लाख के इनामी नक्सली संजय यादव उर्फ संजय गोदराम को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। वह पलामू का रहने वाला है और मुंबई में एक खटाल में काम कर रहा था। पुलिस मुख्यालय ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। संजय यादव पर 60 से अधिक मामले दर्ज हैं। उसे जल्द झारखंड लाया जायेगा।

****

जमशेदपुर में दीपावली से पहले पुलिस ने करीब एक सौ लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल फोन वापस लौटाया। एसएसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से बरामद करीब एक सौ मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए।

****

झारखंड स्थापना दिवस से पहले झारखंड आंदोलनकारी अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट भवन में गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल से मुलाकात कर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें बीमार तथा वृद्ध आंदोलनकारियों के लिए 10 लाख रुपये का गुरुजी मेडिकल कार्ड, सम्मान राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने, वर्ष 2015 से सभी चिह्नित आंदोलनकारियों को समान पेंशन तथा जिलों में आंदोलनकारी कॉरिडोर और स्मारक स्थल बनाने की मांग शामिल है।

****

रांची स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय में शनिवार को ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की झारखंड शाखा और महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लिनिकल टेक्नोलॉजी की ओर से दो दिवसीय नर्सिंग शिक्षा कार्यशाला तथा पहला राज्यस्तरीय सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में नर्सिंग सेवाओं के माध्यम से मरीजों की देखभाल और जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर चर्चा के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

****